**Regarding construction of overbridge at NH 106 and NH 57 intersection in Sivrahi Bazar, Bihar**

श्री दिलेश्वर कामैत **(सुपौल) :** सभापति महोदया, मेरे संसदीय क्षेत्र बिहार के सुपौल जिले के अंतर्गत राघोपुर प्रखंड के सिमराही बाजार के मध्य होते हुए उत्तर से दक्षिण एनएच 106 - बीरपुर से बीहपुर तथा पूरब से पश्चिम 4 लेन एनएच 57 (वर्तमान में एन. एच 27) जाती है । उक्त सड़क के सिमराही चौराहे पर बराबर दुर्घटनाएँ होती रहती हैं एवं आवागमन भी बाधित रहता है तथा जान-माल की भी काफी क्षति होती है ।

अतः जनहित में सदन के माध्यम से भारत सरकार के सड़क परिवहन मंत्री जी से मैं आग्रह करता हूँ कि उक्त चौराहे पर रोड ओवर ब्रिज का निर्माण किया जाय ।